# HIGH COURT OF JUDICATURE FOR RAJASTHAN AT JODHPUR

S.B. Criminal Miscellaneous Bail Application No. 14865/2025

Asharam Gameti S/o Duda Gameti, Aged About 27 Years, R/o Dhol Ki Pati, Po. Dakan Kotra, District Udaipur.

----Petitioner

Versus

1. State Of Rajasthan, Through Pp
2. Manish S/o Lehar Singh, R/o Near Satyma Shivam Sundaram Apartment, Ramgiri, P.s Badgaon, District Udaipur.

----Respondents

| | | |
|---|---|---|
| For Petitioner(s) | : | None Present |
| For Respondent(s) | : | Mr. Narendra Singh Chandawat, PP |

## HON'BLE MR. JUSTICE YOGENDRA KUMAR PUROHIT

## Order

**13/03/2026**

प्रार्थी–अभियुक्त की ओर से जमानत का यह आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा **482 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता**, पुलिस थाना **बड़गांव** जिला **उदयपुर** में दर्ज प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या **176/2025**, अपराध अन्तर्गत धारा **331(4), 305(ए) भारतीय न्याय संहिता** के मामले में जमानत पर रिहा किए जाने की प्रार्थना के साथ प्रस्तुत हुआ है।

विद्वान लोक अभियोजक की ओर से प्रस्तुत रिपोर्ट दिनांकित 10.12.2025 के मुताबिक अभियुक्त अनुसंधान में पूछताछ हेतु उपस्थित हो चुका है। तफ्तीश में प्रार्थी–अभियुक्त व सह–अभियुक्त का एक–साथ घटना को अंजाम देना और पांच हजार रुपये रोकड़ चुराना तथा जाग जाने पर स्वयं की मोटरसाईकिल को छोड़कर भाग जाना सी.सी.टी.वी. फुटेज में कैद हुआ है। सह–अभियुक्तगण पी.सी. रिमाण्ड पर चल रहे हैं। इस आधार पर अग्रिम जमानत का प्रार्थना–पत्र खारिज किये जाने का निवेदन किया।

इस मामले में कोई उपस्थित नहीं है। दूसरे राउण्ड में भी कोई उपस्थित नहीं है। इसलिये पुलिस रिपोर्ट को मद्देनजर रखते हुए अग्रिम जमानत का प्रार्थना–पत्र आधारहीन होने से खारिज किया जाता है।

**(YOGENDRA KUMAR PUROHIT),J**

45-divyashri/-